हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 16 जुलाई 2024

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

4 महाप्रभु जगन्नाथ भाई और बहन के साथ पुनः मंदिर में किए प्रवेश



ए.के. पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट
BMLT DMLT D.Pharma BPT
OT Technician X-Ray Technician
पुराना नर्सिंग कॉलेज, नमनाकला, अम्बिकापुर (छ.ग.)
7772963125, 9039511123

चैतन्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस 6260864817 8461868812
ADMISSION OPEN 2024-25
BMLT 3 YEAR | CCH 1 YEAR
DMLT 2 YEAR | Dialysis 2 YEAR
Opthalmic 2 YEAR | X-RAY 1 YEAR
OT 1 YEAR | MPHW 1 YEAR
Dresser 1 YEAR
OUR BRANCH अम्बिकापुर रायपुर बिलासपुर बस्तर

SALE
END OF SEASON SALE
UP TO 60% OFF
निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड

KILLER SALE
UP TO 40% OFF
KILLER STORE - NEAR POONAM LODGE
OLD BUS STAND - AMBIKAPUR
CALL- 7400849887

अंSH COMPUTER EDUCATION
PGDCA
DCA
BA, MA, PGDRD, B.LIB, B.sc..
अंश कम्प्यूटर सेंटर
जिला - बलरामपुर
8964951878

प्रवेश सूचना
BMLT (3 years) लैब टेक्नीशियन डिग्री | DMLT (2 years) लैब टेक्नीशियन डिप्लोमा
DXRT (3 years) एक्स - रे टेक्नीशियन | O.T. (1 years) ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन
D.Pharma (3 years) डी.फार्मा | Ophthalmic ass. (2 years) नेत्र सहायक
साध्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस
अम्बिकापुर 7440435000
रायपुर 7440434000

## फूलों से सुसज्जित रथ खींचने मची होड़

# नौ दिन मौसी के घर आवभगत के बाद वापस घर लौटे महाप्रभु जगन्नाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- जगह जगह की गई पूजा अर्चना

नौ दिनों तक मौसी के घर स्वास्थ्य लाभ लेने के उपरांत महाप्रभु भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ सोमवार को स्वस्थ व प्रसन्न होकर अपने घर लौट आए। भगवान के घर लौटने पर समाज द्वारा उनकी रथ यात्रा निकाली गई जो काली बाड़ी स्थित मौसी के घर से प्रांरभ होकर जगन्नाथ मंदिर पहुंची। फूलों से सुसज्जित रथ को खींचने श्रद्धालुओं में होड़ मची रही। इस दौरान जगह जगह रथ यात्रा का स्वागत करते हुए महाप्रभु की आरती व पूजा अर्चना कर लोगों ने अपने व अपने परिवार के सदस्यों के सुख समृद्धि की कामना की। मान्यता है कि जेठ पूर्णिमा के दिन भगवान जगन्नाथ विशेष स्नान करते है। इस स्नान के बाद वे बीमार हो जाते है और एकांतवास में चले जाते है। भगवान के एकांत वास में जाने के बाद मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए थे और भगवान के रथ को भी मंदिर से बाहर निकाल दिया गया था। स्वस्थ होने के बाद भगवान जगन्नाथ गुडिचा यात्रा पर अपने भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ मौसी के घर गए थे। महाप्रभु जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा की रथ यात्रा 7 जुलाई को निकाली गई थी। इस दौरान 9 दिनों तक भगवान अपने भाई बहन के साथ कालीबाड़ी स्थित मौसी के घर रहे और मौसी के घर आवभगत, दर्शन के साथ हर रोज आरती के बाद भंडारा प्रसाद की वितरण भी किया जा रहा था।

7 से 15 जुलाई तक कालीबाड़ी स्थित मौसी के घर भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा की नियमित रूप से पूजा अर्चना की गई और सोमवार को भगवान धूमधाम से अपने घर लौटे। उत्कल समाज व श्री जगन्नाथ मंदिर सेवा समिति द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना उपरान्त दुर्गा बाड़ी स्थित मौसी के घर से भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली गई जो कालीबाड़ी से घड़ी चौक, गांधी चौक, आकाशवाणी चौक से प्रतापपुर चौक होते हुए केदारपुर सहेली गली स्थित भगवान जगन्नाथ के मंदिर पहुंची। ढोल, मंजीरे, डफली, झाल के साथ भजन कीर्तन करते श्रद्धालुओं का सैलाब भक्ति भाव में विभोर हो रथ के साथ-साथ चलता रहा। भगवान की रथ यात्रा का जगह-जगह लोगों ने स्वागत कर उनकी आरती की। इस दौरान भक्तों में रथ खींचने को होड़ मची रही। नौ दिनों मौसी के घर रहने व वापस घर लौटने भगवान जगन्नाथ चार महीने के लिए शयन में चले जाएंगे। भगवान के शयन में जाने के बाद विवाह सहित सभी शुभ कार्य बंद हो जाते है। शयन उपरान्त कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी को भगवान निद्रा से जागेंगे जिसे देव उठनी एकादशी के रूप में मनाया जाता है।



रथ खींचते श्रद्धालु।

### जगह-जगह हुआ स्वागत

भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया। नगर के उड़िया पंडित काम्पलेक्स के समक्ष पंडित सत्य नारायण मिश्रा (उड़िया महाराज) के नेतृत्व में भगवान जगन्नाथ का स्वागत किया गया। भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा की शुरुआत शहर में सन 1955 में उड़िया महाराज ने की थी जो आज भी परम्परा अनुसार जारी है। आज भी भक्तों ने भगवान की आरती करने के साथ ही माथा टेककर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। उड़िया पण्डित परिवार द्वारा भक्तों को हलुआ व पानी का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर अरविन्द मिश्रा, मनोज कंसारी, संतोष मिश्रा, राजेश मिश्रा, सुदामा मिश्रा, विनोद मिश्रा आदि मौजूद थे।

### किया गया अलौकिक श्रृंगार

देर शाम महाप्रभु भगवान जगन्नाथ अपने घर पहुंचे। घर पहुंचने के बाद महाप्रभु ने श्रद्धालुओं को पुनः दर्शन दिया। इस अवसर पर उड़ीसा से आए पुजारी शंभू नाथ पंडा के सानिध्य में अलौकिक श्रृंगार, भजन, पूजन, महाआरती के साथ प्रसाद का वितरण किया गया। आयोजन को लेकर भक्ति और उल्लास का माहौल रहा।

### नगर में निकली रथ यात्रा, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

सीतापुर। भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा की रथ यात्रा नगर में धूमधाम से निकाली गई। रथ यात्रा पुरानी बस्ती में भ्रमण के बाद महामाया मंदिर परिसर में आकर खड़ी हो गई जहां पूजा अर्चना के बाद उनकी आरती उतारी गई। इस दौरान प्रभु जगन्नाथ का दर्शन करने भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। इस अवसर पर साहू समाज द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर अध्यक्ष साहू समाज सदानंद गुप्ता, केके गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, ब्रजेश गुप्ता, राकेश गुप्ता आदि उपस्थित थे।



## सूने मकान में घुसकर चोरी करने वाले दो नाबालिग समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- चोरी का जेवर खरीदने वाले दो जेवर दुकान संचालकों पर भी कार्रवाई

सूने मकान में घुसकर चोरी करने के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने दो विधि से संघर्षरत बालक समेत तीन आरोपियों को पकड़कर उनके पास से चोरी का सामान बरामद किया है। इसके साथ ही पुलिस ने चोरी का सोना खरीदने वाले जेवर व्यवसायियों पर भी कार्रवाई की गई है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक लाख दस हजार रुपए का सामान बरामद किया है।

कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 6 जुलाई को नमनाकला निवासी अमित कुमार सिन्हा के घर के शीट को काटकर कुछ अज्ञात चोर घर के अंदर दाखिल हुए। शाम 6 से 6.30 बजे के बीच चोरों ने घर में घुसकर सोने का चैन, सोने का नथिया, सोने का कान का रिंग, सोने की अंगूठी, पायल बिछिया, घड़ी, मोबाइल एवं नगदी 3 हजार रुपए समेत लगभग 1 लाख 10 हजार रुपए का सामान चोरी कर भाग गए। अमित कुमार सिन्हा द्वारा मामले की शिकायत पुलिस से की गई थी। शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर संदेही कोतवाली अंतर्गत नमनाकला झंझटपारा निवासी 19 वर्षीय सागर कश्यप उर्फ छोटका को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपने दो विधि से संघर्षरत बालकों के साथ मिलकर सूने मकान में चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने नाबालिग आरोपियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की तो तीनों ने चोरी करने के बाद चोरी की गई दो नग सोने की अंगूठी को सदर रोड स्थित पूनम ज्वेलर्स व 1 जोड़ी पायल व बिछिया को सदर रोड स्थित गोपाल ज्वेलर्स में बेचने की जानकारी दी। वहीं शेष चोरी का सामन विधि से संघर्षरत बालकों ने अपने पास रखा था। पुलिस ने आरोपियों से चोरी का सामान बरामद करने के साथ ही चोरी का सामान खरीदने वाले घुटरापारा नहर रोड निवासी निवासी 35 वर्षीय गोपाल सोनी व बलरामपुर के सनावल कामेश्वरनगर हाल मुकाम मायापुर निवासी 30 वर्षीय आनंद सोनी को हिरासत में लेकर गोपाल सोनी से 1 जोड़ी चांदी का पायल एवं 5 नग बिछिया, आनंद सोनी से 2 जोड़ी सोने की अंगूठी बरामद ⏭ शेष पेज 4 पर

## प्रधान आरक्षक का रुपए लेकर जेब में डालने का वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- अधिकारियों ने कहां जांच के बाद होगी कार्रवाई, तातापानी क्षेत्र का मामला



बलरामपुर जिले में पुलिसकर्मी का चौकी के सामने बैठकर पैसे लेने का वीडियो सामने आया है। प्रधान आरक्षक द्वारा खुले आम पैसे लेकर जेब में डालने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया है। फिलहाल इस मामले में इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि यह राशि किस कार्य के लिए ली गई है। अधिकारी इस मामले में जांच की बात कह रहे है। बताया जा रहा है कि सोमवार को बलरामपुर जिले के तातापानी चौकी का एक वीडियो वायरल हुआ है। वीडियो में प्रधान आरक्षक रविंद्र यादव चौकी के सामने कुर्सी टेबल लगाकर बैठा है और एक ग्रामीण से रुपए लेकर अपनी जेब में रखते नजर आ रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में तरह तरह की चर्चाएं की जा रही है। सोशल मीडिया में दावा किया जा रहा है कि प्रधान आरक्षक ट्रक चालकों से पैसे वसूल रहा है तो वहीं यह भी संभावना जताई जा रही है कि मोटर व्हीकल एक्ट के तहत की गई कार्रवाई के तहत चालान वसूला गया है लेकिन फिलहाल इसकी पुष्टि नहीं हुई है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। इस संबंध में एएसपी निमेष बरैया ने बताया कि एक वीडियो मिला है जिसमें हेड कांस्टेबल पैसा लेते हुए प्रतीत हो रहा है। इस मामले की जांच की जारी और जांच के बाद कार्रवाई होगी।

## एक सप्ताह से लापता युवक का जंगल में मिला शव

**रामानुजगंज।** एक सप्ताह से घर से लापता युवक का शव जंगल में फांसी पर लटका मिला। मृतक का शव रामचंद्रपुर क्षेत्र के जंगल में सड़े गले अवस्था में मिला है। फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच कर रही है। थाना अंतर्गत रहने वाला 22 वर्षीय महेंद्र गोंड विगत एक सप्ताह से घर से लापता था। इस बीच 14 जुलाई को उसका शव रामचंद्रपुर क्षेत्र के जंगल में सड़े गले अवस्था में फांसी पर लटका मिला। आज घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। युवक का शव कंकाल में तब्दील हो गया था। प्रारंभिक जांच में मृतक की पहचान महेंद्र गोंड के रूप में की गई। वहीं इस मामले में मृतक के भाई राजेंद्र गोंड ने बताया कि युवक बीचे बुधवार से लापता था और उसके बाद उसका शव मिला है। मृतक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। इस संबंध में एएसपी निमेष बरैया ने बताया कि शव करीब पांच छह दिन पुराना है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। मृतक मानसिक रूप से बीमार था। इस मामले की जांच चल रही है।

CHRISTIAN COLLEGE of ENGINEERING & TECHNOLOGY
KAILASH NAGAR-BHILAI
NAAC ACCREDITED WITH GRADE A
M.TECH • NANO TECHNOLOGY • CAD/CAM ROBOTICS • HIGH VOLTAGE
B.TECH • COMPUTER SCIENCE & ENGG. • ELECTRICAL ENGG. • ELECTRONICS & TELE. ENGG. • MECHANICAL ENGG.
LATERAL ADMISSION FOR DIPLOMA HOLDERS
NEW COURSES
• ARTIFICIAL INTELLIGENCE & MACHINE LEARNING
• ARTIFICIAL INTELLIGENCE & DATA SCIENCE
• DIPLOMA IN COMPUTER SCIENCE ENGINEERING
• DIPLOMA IN ELECTRICAL ENGINEERING
• DIPLOMA IN MECHANICAL ENGINEERING
Ph.D • ELECTRONICS & TELECOMM. • APPLIED MATHEMATICS • APPLIED PHYSICS
MCA • MASTER OF COMPUTER APPLICATIONS
25+ Years of Excellence | MGM GROUP OF INSTITUTIONS 60 YEARS IN EDUCATION | IN CAMPUS HOSTEL FOR BOYS & GIRLS
50% MINORITY SCHOLARSHIP
Eligibility Criteria
For C.G. Students : Class 12th - Physics, Chemistry & Mathematics (PCM) II) Appeared Engineering Entrance Exam (CGPET)
For Outside C.G. Students : Class 12th - Physics, Chemistry & Mathematics (PCM) II) Appeared Engineering Entrance Exam CGPET or JEE (All India)
Admission Helpline
Chhattisgarh : +91 99819 91429, +91 942 555 7762
North East, Nagaland : +91 87877 98831
Bihar, Jharkhand & West Bengal : +91 99346 90200
Fr. Dr. P. S. Varghese : +91 9826141686
Doha, Qatar: Mr. Lenin: +974 6688 3196

ST. THOMAS COLLEGE
RUABANDHA-BHILAI
NAAC ACCREDITED WITH GRADE A
B.Com. Computer Application
B.B.A.
B.C.A.
B.A. English Literature, Economics, Journalism & Mass Communication, Psychology, Sociology
M.A. Economics, English, Psychology
B.Sc. Biotechnology, Botany, Chemistry, Computer Science, Electronics, Information Technology, Industrial Chemistry, Mathematics, Microbiology, Physics, Zoology
Ph.D. Microbiology, Chemistry, Biotechnology
M.Sc. Biotechnology, Botany, Chemistry, Computer Science, Electronics, Information Technology, Mathematics, Microbiology, Physics, Zoology
PG DIPLOMA P.G.D.C.A, Counselling and Guidance, Journalism
40 YEARS OF EXCELLENCE
EXCELLENCE IN ACADEMICS & SPORTS
IN CAMPUS HOSTEL FOR GIRLS
M.Com.
Affiliated to Hemchand Yadav Vishwavidyalaya, Durg, C.G. & Kushabhau Thakare Patrakarita Avam Jansanchar Vishwavidyalaya, Raipur, C.G.
B.Ed. 50% DIRECT ADMISSION (CHRISTIAN QUOTA)
Pre-B.Ed. Entrance test compulsory for all
48 UNIVERSITY RANK HOLDERS 2022-23
0788-2275970
9406256388

## परिसीमन में विसंगतियों को लेकर कांग्रेस ने सामूहिक रूप से सौंपी 29 शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- हुंडरालता व चाउरपारा ननि व पंचायत से गायब, बिना प्रस्ताव डिगमा को जोड़ दिया निगम में



नगर निगम चुनाव से पहले किए गए परिसीमन में व्याप्त विसंगतियों को लेकर कांग्रेस ने आज सामूहिक रूप से आपत्ति दर्ज कराई गई है। नगर निगम के महापौर, सभापति व जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर लगभग 29 आवेदन देते हुए आपत्ति दर्ज की है। कांग्रेस ने आपत्तियों का निराकरण नहीं होने पर न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की बात कही है।

बता दें कि नगर निगम चुनाव से पहले शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा शहर के 48 वार्डों में परिसीमन का कार्य किया गया है लेकिन प्रारंभिक प्रकाशन के बाद से ही परिसीमन विवादों में है और कांग्रेस इसे लेकर हमलावर है। कांग्रेस ने अधिकारियों पर भाजपा कार्यालय से आए हुए नक्शा पर सील मुहर लगाने का आरोप लगाया है। वहीं सोमवार को 48 वार्डों में किए गए परिसीमन में व्याप्त कंपनियों को लेकर सामूहिक रूप से आपत्ति दर्ज कराई गई। पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के निर्देश पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता, महापौर डॉ. अजय तिर्की, बाल कृष्ण पाठक, सभापति अजय अग्रवाल, सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता राजीव भवन से रैली की शक्ल में कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। इस दौरान जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने बताया परिसीमन करने वालो ने राजपत्र में प्रकाशन के बिना ग्राम पंचायत डिगमा को नगर निगम में शामिल कर दिया है। ग्राम पंचायत की ग्राम सभा ने भी प्रस्ताव पारित किया है।इसी तरह गहिरा गुरु वार्ड के हुन्डरालता और चाउर पारा क्षेत्र को निगम क्षेत्र से बाहर कर दिया गया है। इस क्षेत्र के करीब चार सौ से ज्यादा आबादी न तो निगम क्षेत्र में है और न ही ग्राम पंचायत में जबकि 2003 से ही यह क्षेत्र निगम का हिस्सा था। इस क्षेत्र के निवासियों के सामने पहचान का संकट खड़ा हुआ है। महापौर डॉ. अजय तिर्की ने कहा परिसीमन का आधार 2011 के जनगणना को बनाया गया है।

जब 2011 के बाद जनसंख्या बदली नहीं फिर वार्डो के परिसीमन का औचित्य ही नहीं था। सभापति अजय अग्रवाल ने कहा एसी कमरे में बैठकर अनुमान के आधार पर परिसीमन किया गया है। कई वार्ड ऐसा है जहां बारह से पन्द्रह सौ की आबादी को दूसरे वार्डो में जोड़ा गया है लेकिन वहां की जनसंख्या नहीं बदली। डॉ. जेपी श्रीवास्तव ने विसंगतिपूर्ण परिसमन के खिलाफ न्यायालय जाने की बात कही। कांग्रेस की प्रतिनिधि मंडल में ब्लॉक अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, एमआईसी सदस्य द्वितेन्द्र मिश्रा, ग्रामीण अध्यक्ष बंटी शर्मा, दुर्गेश गुप्ता, शैलेन्द्र सोनी, प्रमोद चौधरी, विनीत जायसवाल, संजीव मंदिलवार, आशीष वर्मा, चन्द्र प्रताप सिंह, जीवन यादव, अनिल सिंह, विकल झा, बाबर, काजू खान, रजनीश सिंह, विकास केशरी, अमित सिंह, शुभम जायसवाल, नरेंद्र विश्वकर्मा, आशीष शील, परवेज आलम गांधी, मिथुन सिंह, राकेश सोनी, पूर्णिमा सिंह, रूही गजाला, मंजू सिंह, मालती सिंह, हमीदा बानो, प्रीति सिंह शकीला सहित कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।



# जापान में तहलका मचाएगी 'सलारः पार्ट 1-सीजफायर'

**मुंबई।** फिल्म 'सलारः पार्ट 1-सीजफायर' अपनी रिलीज के बाद से पॉपुलर हो गई है। प्रशांत नील द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने न सिर्फ ऑडियंस का दिल जीता है बल्कि यह बॉक्स ऑफिस पर कलेक्शन के मामले में भी अपना दम दिखा रही है। फिल्म ने 700 करोड़ की वर्ल्ड वाइड कमाई करके रिकॉर्ड सेट किया है, जिसके बाद अब फिल्म जापान में अपनी रिलीज के साथ जादू चलाने के लिए तैयार है। 'सलारः पार्ट 1-सीजफायर' के मेकर्स ने अपने सोशल मीडिया पर प्रभास के साथ फिल्म का एक दिलचस्प पोस्टर शेयर किया है। प्रभास को एक के बाद एक बड़ी सफलता मिल रही है।

## लाइफStyle



# पूजा पूरी की फिल्म 'देवा' की शूटिंग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने अपनी आने वाली एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'देवा' की शूटिंग पूरी कर ली है। पैन इंडिया स्टार पूजा हेगड़े, जिनका 2024 का कैलेंडर काफी रोमांचक और व्यस्त है। पूजा हेगड़ ने अपनी बहुप्रतीक्षित एक्शन-थ्रिलर 'देवा' की शूटिंग पूरी कर ली है। रॉय कपूर फिल्म्स और ज़ी स्टूडियो द्वारा निर्मित इस फिल्म में पूजा हेगड़े के साथ शाहिद कपूर भी हैं।

शूटिंग पूरी होने के बाद पूजा ने निर्देशक रोशन एंड्रयूज और निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर तथा क्रू के साथ मिलकर केक काटकर इस उपलब्धि का जश्न मनाया। इससे पहले, पूजा ने फिल्म 'सूर्या 44' के लिए सुंदर अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में एक शूटिंग शेड्यूल भी पूरा किया था, जिसमें वह प्रसिद्ध अभिनेता सूर्या के साथ अभिनय कर रही हैं। 'देवा' अब पोस्ट-प्रोडक्शन में है, और फैंस इस रोमांचक एक्शन से भरपूर फिल्म में पूजा हेगड़े के नए अवतार का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। देवा और सूर्या 44 के अलावा पूजा हेगड़े नाडियाडवाला ग्रैंडसन की सनकी और कुछ अघोषित प्रोजेक्ट्स में भी नजर आएंगी।

'देवा' अब पोस्ट-प्रोडक्शन में है, और फैंस इस रोमांचक एक्शन से भरपूर फिल्म में पूजा हेगड़े के नए अवतार का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। देवा और सूर्या 44 के अलावा पूजा हेगड़े नाडियाडवाला ग्रैंडसन की सनकी और कुछ अघोषित प्रोजेक्ट्स में भी नजर आएंगी।

## हॉलीवुड मसाला




# 'डेसिपकेबल मी' ने कमाए 500 करोड़ डॉलर

**लॉस एंजिलिस।** इल्यूमिनेशन, यूनिवर्सल की 'डेस्पिकेबल मी 4' वैश्विक स्तर पर धमाल मचा रही है। फिल्म कमाई के मामले में भी अपना जलवा कायम किए हुए है। डेस्पिकेबल मी/मिनियंस फ्रेंचाइजी दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर पांच बिलियन डॉलर यानी 500 करोड़ डॉलर की कमाई कर चुकी है। यह मील का पत्थर हासिल करने वाली यह पहली एनिमेटेड फ्रेंचाइजी है। यह पहले से ही दुनियाभर में अब तक की सबसे बड़ी एनिमेटेड फ्रेंचाइजी थी। इस सप्ताहांत डेस्पिकेबल मी 4 लगातार दूसरे फ्रेम में वैश्विक स्तर पर नंबर वन फिल्म बनने की उम्मीद है, जिससे रविवार तक दुनिया भर में अनुमानित 136 मिलियन डॉलर की कमाई होगी।



# 'कैप्टन अमेरिका 4' का टीजर जारी...

**लॉस एंजिलिस।** मार्वल स्टूडियोज ने बहुप्रतीक्षित 'कैप्टन अमेरिका 4' का टीजर जारी कर दिया है। इसका आधिकारिक शीर्षक 'कैप्टन अमेरिकाः ब्रेव न्यू वर्ल्ड' है। टीजर 'कैप्टन अमेरिका' गाथा के नए अध्याय की एक रोमांचक झलक पेश करता है, जिसमें एंथनी मैकी द्वारा अभिनीत सैम विल्सन को प्रतिष्ठित ढाल पहने हुए और कैप्टन अमेरिका की भूमिका निभाते हुए दिखाया गया है। इसके साथ ही निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। टीजर एक दिलचस्प कहानी की ओर इशारा करता है, जहां नए कैप्टन अमेरिका सैम विल्सन, 'थडियस थंडरबोल्ट' रॉस के साथ मिलकर काम करते हैं, जिसका किरदार हैरिसन फोर्ड ने निभाया है। यह साझेदारी विशेष रूप से दिलचस्प है।



# तृप्ति धनुष के साथ करेंगी रोमांस...

**मुंबई।** अभिनेत्री तृप्ति डिमरी के पास फिल्मों की लाइन लगी हैं। तृप्ति हर निर्माता-निर्देशक की पहली पसंद बनी हुई हैं। अब खबर है उन्हें धनुष संग काम करने का मौका मिल गया है। आनंद राय की अगली फिल्म में दोनों साथ दिखने वाले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, आनंद ने अपनी अगली फिल्म 'तेरे इश्क में' के लिए तृप्ति को कास्ट कर लिया है। धनुष फिल्म में एक एंग्री यंगमैन की भूमिका में होंगे। ऐसे में उनके साथ लीड हीरोइन के लिए आनंद की पहली पसंद तृप्ति हैं। निर्देशक ने उनकी पिछली फिल्में देखी हैं, वहीं तृप्ति की लोकप्रियता भी चरम पर है। ऐसे में वह अपनी फिल्म में उन्हें धनुष की जोड़ीदार बनाकर उनकी सफलता को भुनाने के पूरे मूड में हैं। अक्टूबर, 2024 से धनुष अपनी चौथी हिंदी फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। फिल्म की शूटिंग मुख्य रूप से वाराणसी में होगी।



# 'हाउसफुल-5' से जुड़े संजय दत्त

**मुंबई।** संजय दत्त का नाम बॉलीवुड के उन अभिनेताओं में शुमार हैं, जिनकी दीवानगी प्रशंसकों के सिर चढ़कर बोलती है। बता दें कि 'हाउसफुल' फ्रैंचाइजी के 5वें भाग 'हाउसफुल 5' से जुड़ गए हैं। फिल्म के निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने संजू के साथ अपनी एक तस्वीर साझा कर लिखा, 'हम यह घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित हैं कि संजय 'हाउसफुल' के परिवार में शामिल हो गए हैं। पागलपन से भरी एक रोमांचक यात्रा के लिए तैयार हो जाएं।' कोई शक नहीं कि संजय अपनी शानदार कॉमेडी से फिल्म को एक अलग ही स्तर पर ले जाएंगे। संजय का नाम फिल्म से जुड़ते ही 'हाउसफुल 5' को लेकर लोगों का उत्साह दोगुना हो गया है। सोशल मीडिया पर इसकी झलक साफ दिख रही है। 'हाउसफुल' और 'हाउसफुल 2' का निर्देशन साजिद खान ने किया था।

## टीवी मसाला

# आशिफ ने निभाए 300 कैरेक्टर गिनीज बुक में दर्ज है नाम...

**मुंबई।** ऐसा कहा जाता है कि इंसान की लाइफ में एक बार ऐसा मौका आता है जरूर आता है जब उन्हें वो सबकुछ मिलता है जिसकी उन्हें चाहत होती है। कुछ ऐसा ही आशिफ शेख के साथ हुआ उन्होंने सोचा था फिल्मों में काम करके फेमस हो जाएं, उन्हें प्रसिद्धि मिली लेकिन फिल्मों नहीं टीवी सीरियल से जिसका नाम है 'भाबी जी घर पर हैं। आशिफ शेख ने इस सीरियल में लगभग 300 किरदार निभाए हैं और इसके लिए उनका नाम गिनीज वर्ल्ड बुक में दर्ज है। हिंदी टेलीविजन के आशिफ शेख इकलौते ऐसे एक्टर हैं जिन्होंने एक सीरियल में अलग-अलग इतने सारे किरदार निभाए। 2 मार्च 2015 को 'भाभी जी घर पर हैं' का पहला एपिसोड आया था। शो में दिखाया गया है कि दो पड़ोसी एक-दूसरे की वाइफ को पसंद करते हैं और हेल्दी फ्लर्ट भी करते हैं। इस शो में दोनों भाबियों का किरदार अलग-अलग एक्ट्रेसेस ने निभाया लेकिन आशिफ शेख और रोहिताश्व गौर लगभग 9 सालों से टिके हुए हैं। आशिफ शेख इस शो के मेन कलाकार हैं जिन्हें दर्शक देखना पसंद करते हैं। साल 2015 से लेकर 2021 तक आशिफ शेख ने स्क्रिप्ट की डिमांड के अनुसार, इस सीरियल में 300 से ज्यादा किरदार बदले हैं। इसके लिए उन्हें सम्मानित भी किया गया।



# मटका से तेलुगु सिनेमा में करेंगी कमबैक

**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री नोरा फतेही आठ साल बाद फिल्म मटका से तेलुगु सिनेमा में कमबैक कर रही हैं। करुणा कुमार द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित अखिल भारतीय फिल्म 'मटका' में नोरा फतेही वरुण तेज के साथ मुख्य भूमिका में हैं। टेम्पर, बाहुबली दि बिगिनिंग, किक 2 और ऊपीरी जैसी हिट फिल्मों में अपने शानदार डांस परफॉर्मेंस के लिए जानी जाने वाली नोरा अब एक अभिनेत्री के रूप में एक नई चुनौती ले रही हैं। निर्देशक करूणा कुमार ने कहा कि मैं नोरा को तेलुगु दर्शकों के सामने एक अभिनेत्री के रूप में पेश करने के लिए बहुत उत्साहित हूं, वह दूसरी महिला प्रधान भूमिका निभा रही हैं और विजाग की लडक़ी के रूप में दिखाई देंगी। खुद को किरदार में बेहतर ढंग से ढालने के लिए, उन्होंने तेलुगु सीखने के लिए कक्षाएं लीं और खुद ही संवादों को डब करने का फैसला किया। मैं उनके समर्पण से दंग हूं, उनकी तेलुगु बहुत अच्छी है। जब हमने एक विशेष डिस्को गीत और एक महत्वपूर्ण दृश्य की शूटिंग पूरी कर ली, तो वह मेरे पास आई और बोलीं यह मेरे करियर का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।



# शिमला की पृष्ठभूमि पर बनी है 'अमर कालोनी'



**मुंबई।** हिमाचल प्रदेश के शिमला के रहने वाले फिल्म निर्देशक सिद्धार्थ चौहान की 'अमर कॉलोनी' शिमला की पृष्ठभूमि की थीम पर बनी फिल्म है। 'अमर कालोनी' के निर्देशक सिद्धार्थ चौहान बताते हैं कि छह साल पहले, मैं एक ऐसी जगह की तलाश में था, जहां मैं अपनी लघु फिल्म के लिए एक सेट बना सकूं। तभी मुझे शिमला में ब्रिटिश काल की एक शानदार विरासत वाली इमारत का एक निर्जन ताला लगा हुआ हिस्सा मिला। यह कभी 1905-06 में दिल्ली और लंदन बैंक का हिस्सा हुआ करता था। सीढ़ियां, ऊंचे गलियारे, बड़ी खिड़कियां, पुरानी लकड़ी के प्रयोग सहित निर्माण की हर शैली ने मुझे आकर्षित किया। चाहे फिल्म में दुर्गा का किरदार निभाने वाली ऊषा हों या उनके पति की भूमिका निभाने वाले दीपक। ईशान आजाद को समझाना थोड़ा चुनौतीपूर्ण था, लेकिन उनकी भूमिका भी काफी चुनौतीपूर्ण थी। सिद्धार्थ ने कहा कि फिल्म के कुल कलाकारों में से 75 फीसदी किरदारों का संबंध शिमला से ही था।

# मुंबई में सेलिब्रेट किया भाई का बर्थडे

*मुंबई। प्रियंका चोपड़ा बीते दिन अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी अटेंड करने के लिए पति निक जोनस के साथ भारत आई थीं। बीते दिन प्रियंका चोपड़ा ने अपने पति के साथ मिलकर भाई सिद्धार्थ चोपड़ा का बर्थडे सेलिब्रेट किया है। एक्ट्रेस के भाई ने एक प्राइवेट बर्थडे पार्टी ऑर्गेनाइज की थी। इस पार्टी में उनके भाई-बहन और दोस्त खूब धूम मचाते दिखे। प्रियंका के साथ निक जोनस और मनारा चोपड़ा भी नजर आए हैं। बता दें कि सिद्धार्थ चोपड़ा 35 साल के हो गए हैं। उनकी बहन व जीजा सिद्धार्थ के बर्थडे में शामिल हुए थे। वायरल हो रही फोटोज में सिद्धार्थ की मंगेतर नीलम उपाध्याय भी नजर आ रहीं हैं। इस दौरान सिद्धार्थ ब्लैक कलर के कपड़ों में नजर आए, वहीं मन्नारा और नीलम दोनों ने ब्लैक ड्रेस कैरी की थी। प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ फोटोज शेयर की हैं। इन फोटोज में गेट टुगेदर में सभी नजर आ रहे हैं। प्रियंका चोपड़ा एक फोटो में ब्लू कलर की ड्रेस में नजर आ रही हैं। जिसे उनके फैशन डिजाइनर राहुल मिश्रा के द्वारा डिजाइन किया गया है।*





## 'सरफिरा'में अक्षय के साथ-साथ परेश की भी हो रही है खूब तारीफ

# अक्षय व सोनाक्षी की फिल्मों ने सिनेमाघरों में दी दस्तक

*मुंबई। अगर आप भी हर हफ्ते किसी नई फिल्म या वेब सीरीज का इंतजार करते हैं तो जुलाई का यह हफ्ता भी आपके लिए बेहद खास होने वाला है, क्योंकि इस हफ्ते जहां सिनेमाघरों में फिल्मों की धूम होगी, वहीं ओटीटी पर भी नए कंटेंट की भरमार होगी। आप अपना पसंदीदा मसाला चुन सकते हैं। आपके लिए सस्पेंस से लेकर कॉमेडी तक का तड़का लगा है। आइए जानते हैं इस हफ्ते कौन-कौन सी फिल्में और सीरीज रिलीज हो रही हैं।*

### अक्षय कुमार की 'सरफिरा'



अक्षय कुमार की फिल्म 'सरफिरा' काफी समय से सुखियों में है। इस फिल्म में उनके साथ पहली बार राधिका मदान नजर आ रही हैं। निर्देशक सुधा कोंगरा इससे पहले गोपीनाथ पर साल 2020 में तमिल फिल्म 'सोरारई पोट्रू' बना चुकी हैं, जिसमे सुपरस्टार सूर्या थे। इस फिल्म के हिंदी रीमेक के निर्देशन की जिम्मेदारी भी सुधा पर थी। फिल्म में अक्षय के साथ-साथ परेश रावल की भी खूब तारीफ हो रही है। फिल्म 12 जुलाई को सिनेमाघरों में आई है।

### कमल हासन की 'हिन्दुस्तानी 2'



सुपरस्टार कमल हासन 'कल्कि 2898 एडी' के बाद बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। वह साल 1996 में आई अपनी सुपरहिट फिल्म 'हिंदुस्तानी' का सीक्वल को लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में कमल के साथ अभिनेता सिद्धार्थ और अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह के अलावा कई कलाकार अहम किरदारों में नजर आ रहे हैं। शंकर के निर्देशन में बनी यह फिल्म 12 जुलाई को तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलायलम और हिंदी में रिलीज हुई है।

### सोनाक्षी-साकिब की 'काकूदा'

सोनाक्षी सिन्हा, साकिब सलीम और रितेश देशमुख की फिल्म 'काकूदा' ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। यह एक हॉरर कॉमेडी है। इसकी कहानी उत्तर प्रदेश के मथुरा के रतौड़ी गांव की है। वैसे तो यह एक आम गांव हैं, लेकिन इस पर कई साल से एक श्राप लगा हुआ है। हर घर में 2 दरवाजे हैं, जो एक जैसे दिखते हैं और इसी में तगड़ा रहस्य छुपा है। जी 5 पर 12 जुलाई को यह फिल्म रिलीज हुई है।




### कॉमेडी का तड़का 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब'



अगर आप कॉमेडी के शौकीन हैं तो इस हफ्ते एक मजेदार फिल्म देख सकते हैं, जिसका नाम है 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब'। इसे देख आप हंसते-हंसते लोटपोट हो जाएंगे। फिल्म का ट्रेलर भी काफी मजेदार था। इस फिल्म में मनजोत सिंह, वरुण शर्मा, सनी सिंह और जस्सी गिल नजर आ रहे हैं, जिनकी केमिस्ट्री और डायलॉग दर्शकों को गुदगुदाने के लिए काफी हैं। 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब' नेटफ्लिक्स पर 10 जुलाई को रिलीज हो चुकी है।

### इन वेब सीरीज का उठाएं लुत्फ

इस हफ्ते आप गुरमीत चौधरी की सीरीज 'कमांडर करण सक्सेना' देख सकते हैं। यह 8 जुलाई को डिज्नी+हॉटस्टार पर रिलीज हो चुकी है। उधर 12 जुलाई को रितेश देशमुख की वेब सीरीज 'पिल' जियो सिनेमा तो इमरान हाशमी की 'शोटाइम 2' डिज्नी+हॉटस्टार पर आई है।

## खबर संक्षेप



### स्वर्णकार समाज ने पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में किया पौधरोपण

**अंबिकापुर।** स्वर्णकार वेलफेयर एओसिएशन छत्तीसगढ़ व सरगुजा स्वर्णकार समाज के संयुक्त तत्वाधान में पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ, इस दुनिया को और पृथ्वी को सुन्दर बनाओं नारे के तहत पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में पौधरोपण किया गया। नगर के पॉलिटेक्निक परिसर के अंदर मौजूद नाग मंदिर के पीछे खाली मैदान में वीरान पड़े स्थान पर समाज द्वारा पौधरोपण किया गया। इस दौरान श्रमदान कर पहले गाजर घास की सफाई की गई व सफाई उपरांत आंवला, नीम, जामुन, गुलमोहर, बेल, कटहल, अमलतास के साथ अलग-अलग प्रकार के लगभग 100 पौधे रोप गए और लगाए गए पौधों की देखरेख करने का संकल्प लिया गया। इस दौरान स्वर्णकार वेलफेयर के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. डी के सोनी, महासचिव राकेश सोनी, कोषाध्यक्ष अखिलेश सोनी, संगठन मंत्री राजू सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सोनी, सरगुजा स्वर्णकार समाज के सचिव निलेश सोनी, शालिग्राम सोनी, अभिषेक सोनी, अरविंद सोनी, अजय सोनी, शैलू सोनी, सीमा सोनी, योग शिक्षक कमलेश सोनी, ओम प्रकाश सोनी, पप्पू सोनी, राजेश सोनी हरिओम, नीरज सोनी स्टेनो, रविकांत सोनी, गोपाल सोनी, संतोष सोनी, दीपक सोनी, वीर सोनी तथा पालीटेक्निक कालेज के प्राचार्य आरजे पांडेय, कृषि महाविद्याल के पूर्व अधिष्ठाता श्री सिंह, नमनाकला के पार्षद प्रमोद चौधरी, मायापुर पार्षद नुजहत, विनीत मिश्रा, फिट कॉर्प से शामिल रहे।

### वन स्थायी समिति के सभापति व सदस्यों ने किया पौधरोपण



**राजपुर।** वन स्थायी समिति के सभापति के नियुक्ति उपरांत हरीतिमा पौधशाला केंद्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान नवनियुक्त सभापति व सदस्यों का स्वागत करने के साथ ही पौधरोपण किया गया। बता दें कि जिला पंचायत के वन स्थायी समिति के सभापति के रूप में अंकुश सिंह का चयन किया गया है। इसके साथ ही स्थायी समिति सदस्य के रूप में गीता सोनहा, अनीता मिंज नियुक्त हुए है। वन स्थायी समिति के सभापति व सदस्यों का सोमवार को हरीतिमा पौधशाला में डीएफओ अशोक तिवारी, एसडीओ रविशंकर श्रीवास्तव, रेंजर महाजन लाल साहू, अखिलेश जायसवाल, कलीरा एवं आदि सर्किल इंचार्ज व वन कर्मी ने स्वागत किया। इसके साथ ही जिला स्थायी वन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सभापति व सदस्यों को वन विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यो व योजनाओं की जानकारी दी गई। बैठक उपरांत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्रीय हरीतिमा पौधशाला केंद्र में सभापति अंकुश सिंह, सदस्य व लघु वनोपज के जिला अध्यक्ष लालसाय मिंज द्वारा पौधरोपण किया गया।

### संत साहू विधायक प्रतिनिधि एवं महादेव निज सहायक नियुक्त

**सूरजपुर।** प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी ने अपना विधायक प्रतिनिधि संत कुमार साहू को नियुक्त किया है वही निज सहायक के रूप में महादेव



सिंह कामकाज देखेंगे। विधायक श्री मरावी ने बताया कि जिला प्रशासन व अन्य विभाग प्रमुख को दे दिया है नव नियुक्त विधायक प्रतिनिधि श्री साहू भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता रहने के साथ ही चुनाव के दौरान कामकाज को संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अनौपचारिक रूप से अभी तक विधायक के साथ रहकर उनके कामकाज को बेहतर ढंग से संभाल रहे थे और अब उन्हें विधायक प्रतिनिधि के तौर पर मनोनीत किया गया है। इसी प्रकार निजी सहायक के रूप में महादेव सिंह को मनोनीत किया है।

### एसईसीएल क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक सीसी नायक का निधन

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल के क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक चारु चंद्र नायक का सोमवार को निधन हो गया। वे 57 वर्ष के थे तथा पिछले कुछ समय से किडनी की



बीमारी से पीड़ित थे। वे अवकाश लेकर इलाज के लिए अपने गृह ग्राम उड़ीसा गए थे। सोमवार को चिकित्सा परामर्श के लिए भुवनेश्वर जाने के दौरान रास्ते में हृदयघात से उनका निधन हो गया। वे सितंबर 2021 से क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक का पदभार संभाल रहे थे। उनकी पत्नी का कोरोना काल में निधन हो गया था। मंगलवार को उनका गृह ग्राम में अंतिम संस्कार होगा। उनके निधन की सूचना पर क्षेत्रीय महाप्रबंधक अजय तिवारी, महाप्रबंधक संचालन डॉ. संजय सिंह ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## पेज 1 के शेष...

### सूने मकान में घुसकर चोरी...

किया गया हैं। पुलिस ने आरोपियों से शतप्रतिशत जेवर, घड़ी समेत कुल 1 लाख 10 हजार का सामान बरामद किया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 331(3), 305 (ए), 317(2) के तहत विधि से संघर्षरत बालको को गिरफ्तार बाल संप्रेक्षण गृह एवं आरोपी सागर कश्यप को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है जबकि चोरी का सामान खरीदने वाले आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 35 (3)(4) के तहत कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मनीष सिंह परिहार, एसआई अखिलेश सिंह, प्रधान आरक्षक रजनीकांत मिश्रा, आरक्षक विवेक राय, रमन मण्डल, मंटू गुप्ता, शिव राजवाड़े शामिल रहे।

## शहर में हाथी के मौजूद होने पर सुबह मचा हड़कंप

# दल से भटका हाथी पहुंचा तहसील मुख्यालय प्रतापपुर, पांच घंटे तक घूमता रहा शहर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- आत्मानंद स्कूल का तोड़ा गेट, पूरी रात हाथी के पीछे-पीछे दौड़ते रहे वनकर्मी

तहसील मुख्यालय प्रतापपुर में उस समय हड़कंप मच गया जब रात्रि 1 बजे एक दंतैल शहर में घुस गया। गनीमत थी कि वन अमला दंतैल के पीछे-पीछे लाउडस्पीकर से लोगों को इसकी सूचना देते हुए चल रहा था। दंतैल रात्रि 1 बजे से सुबह 5 बजे तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों में घूमता रहा तथा सुबह खेतों के रास्ते अमनदोन जंगल की ओर चला गया।

वन परिक्षेत्र प्रतापपुर में तीन हाथियों का दल लम्बे समय से भ्रमण कर रहा था। एक सप्ताह पूर्व हाथी घुई जंगल की ओर चले गए थे। लम्बे अंतराल के बाद हाथियों के अन्यत्र जाने से वनकर्मी राहत की सासें ले रहे थे कि बीती रात्रि 12 बजे ग्राम मायापुर के ग्रामीणों ने वनकर्मियों को गांव में एक हाथी के पहुंचने एवं फसल तबाह करने की सूचना दी। ग्रामीणों ने दंतैल के आबादी क्षेत्र के निकट पहुंचने की भी सूचना दी। सूचना मिलते ही वनकर्मी हाथी मित्र दल के सदस्यों को लेकर पिकअप से ग्राम पंचायत मायापुर -1 पहुंचे। वनकर्मियों ने तेज आवाज में हूटर बजाया तो हाथी अपना रास्ता बदलकर प्रतापपुर की ओर बढ़ने लगा तथा हाथी ग्राम बरोल एवं अमनदोन के रास्ते रात्रि 12:10 बजे तहसील मुख्यालय प्रतापपुर के बस स्टैण्ड में दाखिल हो गया। हाथी बस स्टैण्ड से खजुरी, कदमपारा, स्वामी आत्मानंद स्कूल, शासकीय कॉलेज परिसर, पक्की तालाब, कृष्ण कुंज आदि क्षेत्र में पूरी रात घूमता रहा। हाथी कॉलेज परिसर का भ्रमण करते हुए खेतों के रास्ते कदम पारा होते हुए वापस नया बस स्टैण्ड पहुंचा तथा खेतों के रास्ते पास के अमनदोन जंगल स्थित आरएफ 84 में चला गया। हाथी स्वामी आत्मानंद स्कूल के पास काफी देर तक रूका रहा तथा स्कूल का गेट तोड़ते हुए आगे निकल गया। हाथी अमनदोन जंगल में मौजूद है। नए बस स्टैण्ड से अमनदोन जंगल की दूरी मात्र 50 मीटर है। ऐसे में हाथी के पुनः शहर की ओर पहुंचने की संभावना पर विशेष सावधानी बरती जा रही है। नए बस स्टैण्ड के पास बाजार भी लगता है। सोमवार को शाम 7 बजे बाजार में लोगों की भारी भीड़ को देखते हुए वनकर्मियों ने बाजार को खाली कराया तथा लोगों को सुरक्षा के मद्देनजर जल्द सुरक्षित घर पहुंचने की हिदायत दी। हाथी के रात में लगातार पांच घंटे तक शहरी क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में स्वच्छंद घूमने के दौरान बड़ी दुर्घटना हो सकती थी लेकिन गनीमत थी कि इस दौरान कोई भी सड़क पर नहीं मिला वनकर्मियों द्वारा हाथी के पीछे-पीछे लाउडस्पीकर से मुनादी कराने के कारण भी लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकले। अधिकांश लोग बस्ती में हाथी के मौजूद होने से बेखबर रहे एवं अपने घरों में सोते रहे।



आत्मानंद स्कूल के बाहर घुमता हाथी, इनसेट में क्षतिग्रस्त गेट।



बाजार में मुनादी करते वनकर्मी।

### हो सकती थी बड़ी दुर्घटना

इस दौरान मामूली सी चूक होने पर बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। नगर भ्रमण के दौरान हाथी स्वामी आत्मानंद स्कूल एवं छात्रावास के पास सड़क का दो-तीन चक्कर लगाया तथा स्कूल के गेट को तोड़ दिया। हाथी नगर की संकरी गलियों में घुसता तो अधिक तबाही मचा सकता था हाथी मुख्य मार्ग पर ही चलता रहा। रात्रि 3 बजे के बाद बनारस की बसें प्रतापपुर पहुंचती हैं तथा प्रायः हर दिन लोग बसों से पहुंचते हैं। बीती रात हाथी के सामने न तो कोई यात्री पहुंचा न ही कोई वाहन। वन अमले द्वारा लाउडस्पीकर से हाथी के पीछे-पीछे मुनादी कराना काफी कारगर साबित हुआ तथा हाथी पांच घंटे तक मौजूद रहने के बावजूद कोई खास क्षति नहीं पहुंचा सका। वनकर्मियों के अनुसार हाथी छोटे कद का है तथा अधिकतम 8 फीट ऊंचाई का है। वनकर्मी उसकी उम्र भी कम बता रहे हैं तथा हाथी के दल से भटककर घाट पेंडारी के रास्ते पहुंचने की बात कह रहे हैं।

### पूर्व में भी हो चुकी है कई घटनाएं

हाथियों की मौजूदगी के मामले में वन परिक्षेत्र प्रतापपुर काफी संवेदनशील माना जाता है तथा पूरे क्षेत्र में अधिक मात्रा में गन्ना की खेती होने के कारण लगभग पूरे साल यहां हाथी मौजूद रहते हैं। कई बार हाथी अमनदोन जंगल से शहरी क्षेत्र में पहुंच जाते हैं। पांच वर्ष पूर्व 25 हाथियों का दल पक्की तालाब के पीछे स्थित कॉलेज मैदान तक पहुंच गया था। हाथियों को वन अमले ने सुरक्षित जंगल तक खदेड़ा था। इसके बाद रात में एक हाथी शहरी क्षेत्र में घूमते हुए सीसीटीवी में कैद हुआ था। वन अमले की सतर्कता से हाथियों ने कभी भी खास क्षति नहीं पहुंचाई।

### बरती जा रही सतर्कता

मैं प्रशिक्षण कार्य से रायपुर प्रवास पर हूं। सुबह 4 बजे किसी ने शहरी क्षेत्र में हाथी के पहुंचने की सूचना दी थी। तत्काल वनकर्मियों से बात करने पर स्थिति की जानकारी मिली। हाथी की मौजूदगी को देखते हुए काफी सतर्कता बरती जा रही है। कर्मचारी पल-पल का अपडेट दे रहे हैं। शहरी क्षेत्र के साथ ही प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को मुनादी करा सतर्क किया जा रहा है।

-आशुतोष भगत
उपवन मण्डलाधिकारी



## महाप्रभु जगन्नाथ भाई और बहन के साथ पुनः मंदिर में किए प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सप्ताह भर बाद महाप्रभु जगन्नाथ सोमवार को नगर के आरटीआई कॉलोनी स्थित सरस्वती (मौसी मां) मंदिर से अपने भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ रथ पर सवार होकर वापस मंदिर के लिए निकले। गौरतलब है कि कोयलांचल में उत्कल समाज द्वारा भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकालकर 7 जुलाई को जगन्नाथ मंदिर से उनकी मौसी के घर आरटीआई कालोनी स्थित ज्ञानदायिनी मां सरस्वती मंदिर पहुंचे थे। वहां से महाप्रभु जगन्नाथ सोमवार को मां सरस्वती (मौसी मां) मंदिर से अपने भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ रथ पर सवार होकर वापस अपने मंदिर लाए गए , जो भटगांव मार्ग से होते हुए बस स्टैंड, अंबेडकर चौक एवं वापस इसी रास्ते होते हुए जगन्नाथ मंदिर प्रांगण पहुंचे। इसके पश्चात रात में मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन भक्तगणों के लिए किया गया। गौरतलब है कि भाई बलभद्र बहन सुभद्रा के साथ वापसी करने पश्चात महाप्रभु जगन्नाथ मंगलवार से गुरुवार तक रथ पर ही विराजमान रहेंगे। जहां आज 16 जुलाई मंगलवार को महाप्रभु का स्वर्ण वेशभूषा से श्रृंगार किया जाएगा। 17 जुलाई बुधवार को एकादशी का आयोजन किया जाएगा। 18 जुलाई को पारंपरिक मीठा शरबत भोग अर्पण कर 19 जुलाई शुक्रवार को महाप्रभु जगन्नाथ मंदिर के भीतर प्रवेश करेंगे, जिसे नीलाद्री विजय सिंहासन विराजमान के नाम से जाना जाता है और इस दिन 56 भोग से महाप्रभु का स्वागत किया जाता है। करीब एक माह से चल रहे रथ यात्रा महापर्व कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के संरक्षक अशोक स्वाई, अध्यक्ष विशाल स्वाई, अलंकार नायक, प्रभाकर स्वाई, राजेंद्र प्रधान, अक्षय साहू, सेनापति प्रधान, त्रिनाथ देवरी, संतोष बिसवाल, प्रदीप त्रिपाठी, सूरज शेट्टी, विद्याधर साहू, एलसी त्रिपाठी, प्रमोद कहर, अतुल, राजन एवं महिला मंडल से अध्यक्ष दीप्ति स्वाई, गीता स्वाई, मंजू स्वाई, लीलावती, अनुराधा प्रधान, सविता, रीता त्रिपाठी, प्रभासिनी नायक, कुन्नी व अन्य सक्रिय रहे।

### बतौली में मनाया गया ब्लॉक स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव

**बतौली/ सेदम।** स्कूल खुलने के साथ ही नवप्रवेशी बच्चे स्कूलों में दाखिला ले रहे हैं। बच्चों का स्वागत के लिए स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज विधायक रामकुमार टोप्पो ब्लॉक स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। विधायक रामकुमार टोप्पो ने बच्चों को मेहनत करते हुए अच्छे से पढ़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही शिक्षकों एवं कर्मचारियों को बच्चों के लिए शिक्षा व्यवस्था को व्यवस्थित करने की बात कही। उन्होंने नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर, पुष्प माला पहनाकर और पाठ्य सामग्री प्रदान कर शाला प्रवेश कराया,वहीं दिव्यांग छात्रों को विल चेयर का वितरण किया गया।

**जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम अर्जुन नगर पेंडरखी की है घटना**

## तनावग्रस्त कोलकर्मी ने अपना ही गला रेता, फिर नदी में कूदकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- सूरजपुर डीडीआरएफ टीम ने घंटों मशक्कत के बाद शव को नदी से निकाला बाहर

मानसिक तनाव से क्षुब्ध होकर एक कालरी कर्मी ने सोमवार की सुबह तड़के ब्लेड से अपनी ही गर्दन के नस को काटकर रेड़ नदी में कूदकर जान दे दी है। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत जयनगर बरपारा निवासी 57 वर्षीय बसंत सिरदार पिता साधु राम बिंझिया ग्राम अर्जुननगर पेंडरखी में अपने ससुराल में रहकर वहीं से एसईसीएल रेहर खदान में ड्यूटी करता था। बताया जा रहा है कि बीती रात कालरी कर्मी बसंत सिरदार किसी मानसिक तनाव की वजह से घर में बिना सोए रात भर घर में ही अंदर बाहर हो रहा था। इसके पश्चात सोमवार की सुबह तड़के गांव के ही हुंकारीदाह के पास जाकर रेड़ नदी के तट पर अपनी लूंगी व जूता को नदी किनारे उतारा फिर ब्लेड से अपने गर्दन का नस काटकर नदी में कूद गया जिससे उसकी मौत हो गई है। कालरी कर्मी के काफी विलंब तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजन व ग्रामीणों द्वारा उसकी तलाश शुरू की गई तब नदी किनारे उसके लूंगी व जूता को देखकर नदी में डूबने की आशंका जताते हुए जयनगर पुलिस व ग्रामीणों को सूचना दी गई। सूचना पर जयनगर थाना के टीआई नरेंद्र सिंह, सहायक उपनिरीक्षक प्रवीन राठौर, नगर सैनिक अली अकबर तत्काल दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। वहां पर पुलिस द्वारा तत्काल डीडीआरएफ सूरजपुर को सूचना देकर बुलाया गया। सूचना मिलने पर डीडीआरएफ सूरजपुर टीम जिला सेनानी संजय गुप्ता के मार्गदर्शन में डीडीआरएफ प्रभारी बीरबल गुप्ता, धीरेंद्र, नेमसाय, तुलेश्वर, शिवप्रसाद, बेला प्रताप, टामेश्वर, देवनारायण, सोमार साय, रिकेश गुप्ता, शिव प्रताप, बृज बिहारी गुप्ता तत्काल घटना स्थल पर पहुंचकर करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत उपरांत कालरी कर्मी के शव को नदी से बरामद कर बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि कालरी कर्मी बसंत सिरदार किसी बात को लेकर काफी मानसिक तनाव में था, कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। मामले में पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द किया गया एवं मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी गई है।



## जनपद सीईओ ने दिखाई संवेदनशीलता वृद्ध का पेंशन के लिए बनवाया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

शासकीय कार्यालय में लोग चक्कर काट कर अक्सर परेशान रहते है। कोई भी व्यक्ति जब शासकीय कार्यालय में जाता है और काम उसी शासकीय कार्यालय से होना है तो उसे शासकीय कर्मचारियों द्वारा उसका काम न करके परेशान करने का आरोप हमेशा लगता है। परंतु जनपद कार्यालय में ठीक इसके विपरीत नजर आया जब एक बुजुर्ग जनपद कार्यालय में वृद्धा पेंशन का आवेदन देने पहुंचा तो जनपद सीईओ एवं डिप्टी कलेक्टर इंदिरा मिश्रा द्वारा संवेदनशीलता का परिचय देते हुए वृद्धा पेंशन के लिए आवेदन बनवाकर नगर पंचायत कार्यालय में तत्काल भिजवाई एवं अपने एक कर्मचारी को वृद्धा पेंशन बनवाने को सुनिश्चित करने की निर्देश दिए।

वार्ड क्रमांक 7 निवासी 75 वर्षीय अशोक राम जो पहले मजदूरी का काम करते थे परंतु शरीर अब उनके साथ नहीं दे रहा है। जिस कारण अब मजदूरी नहीं कर पा रहे हैं। राशन का 10 किलो चावल मिलता है उसी से अपना आजीविका चला रहे हैं। आज अशोक राम जनपद कार्यालय पूर्व पार्षद बिगू दास, मितेश केसरी, पीयूष गुप्ता के साथ पहुंचे। उन्होंने अपना वृद्धा पेंशन नहीं होने की बात जनपद सीईओ को बताई तो जनपद सीईओ इंदिरा मिश्रा ने तत्परता एवं संवेदनशीलता पूर्वक टालने की जगह पेंशन मिल सके इसे सुनिश्चित करने की पहल की। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष शर्मिला गुप्ता भी कार्यालय में उपस्थित थी उन्होंने जनपद सीईओ की संवेदनशीलता की सराहना की।




## उप स्वास्थ्य केन्द्र में नही एंटी स्नैक वेनम, सर्पदंश से बालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

बारिश का मौसम शुरू होते ही सर्पदंश की घटनाएं बढ़ जाती है। ऐसे में स्वास्थ्य केन्द्र में एंटी स्नैक वेनम न हो तो लोगों की परेशानी और भी बढ़ जाती है। कुछ इस तरह की स्थिति ग्रामीण क्षेत्र रमकोला उप स्वास्थ्य केन्द्र की है जहां एंटी स्नैक वेनम ही उपलब्ध नहीं है। ऐसे में किसी को सांप ने काटा तो उसका बचना मुश्किल होता है। हालांकि परिजन सर्पदंश पीड़ित को उप स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आते है लेकिन मरीज को एंटी स्नैक वेनम की जगह मामूली बॉटल लगाकर रेफर कर दिया जाता है। बीती रात भी परिजन सांप के काटने पर बालक को उप स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आए जहां बालक को बॉटल लगाकर रेफर कर दिया। समय पर सही उपचार नहीं होने से बालक की मौत हो गई।

विकासखंड प्रतापपुर अंतर्गत आने वाले दूरस्थ वनांचल क्षेत्र ग्राम पंचायत बोगा निवासी धनेश्वर आयाम आ. हीरालाल आयाम (14



वर्ष ) रविवार की सुबह घर के समीप परसापत्ता कटाने गया था। इसी दौरान रसल वाइबर सांप के ऊपर ही पैर पड़ गया जिससे सांप बालक के पैर से लिपट काट लिया। बालक किसी तरह घर पहुंचा और घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन आनन फानन में बालक को तत्काल स्वास्थ केन्द्र रमकोला लेकर पहुंचे जहां अस्पताल के स्टॉफ ने बॉटल चढ़ा कर कुछ घंटे तक रखने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर रेफर कर दिया। परिजन बालक को लेकर प्रतापपुर जा रहे थे तभी रास्ते में बालक ने दम तोड़ दिया। मामले में रामकोला पुलिस ने शव का मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया। परिजन ने आरोप लगाते हुए बताया कि सांप के काटने के बाद तत्काल उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सक व स्टॉफ ने गंभीरता से नहीं लिया और न ही सांप के जहर को कम करने के लिए एंटी स्नैक वेनम का डोज दिया। अगर एंटी स्नेक वेनम समय पर दिया जाता तो शायद बालक आज जीवित होता। अस्पताल में एंटी स्नैक वेनम नहीं रहना और मात्र बोतल चढ़ाकर समय बर्बाद किया जाता है और जब मरीज की हालत गंभीर हो जाती है तो रेफर कर देते है। ऐसे में मरीज को अस्पताल ले जाने में काफी देर हो जाती है जिससे मरीज की मौत हो जाती है। कुछ इस तरह बालक के साथ भी हुआ और प्रतापपुर अस्पताल ले जाते समय की उसकी मौत हो गई।

### कराई जाएगी जांच

उप स्वास्थ्य केन्द्र में एंटी स्नैक वेनम नहीं है तो मामला गंभीर है। उप स्वास्थ्य केन्द्र में एंटी स्नैक वेनम होना चाहिए। मामले की जांच कराई जाएगी। अस्पताल में लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई के लिए टीम गठित कर जांच की जाएगी।

-डॉ. आरएस सिंह
सीएमएचओ सूरजपुर

## लाइसेंस की अवधि समाप्त होने के बाद भी बेच रहा था कीटनाशक

- जांच के दौरान टीम ने बिक्री पर लगाया प्रतिबंध, अवहेलना पर दुकान संचालकों को नोटिस

**राजपुर।** खेती किसानी का कार्य प्रारम्भ होने के साथ ही खाद बीज व कीटनाशक दुकान संचालकों की मनमानी भी शुरू हो गई है। संचालक बिना लाइसेंस के ही दुकान का संचालन कर रहे है और नियमों की जमकर अवहेलना कर रहे है। इस बात का खुलासा विभाग की कार्रवाई से हुआ है। दुकान संचालक द्वारा लाइसेंस की अवधि समाप्त होने के बाद भी खाद बीज व कीटनाशक का व्यवसाय सात महीनों से किया जा रहा था। टीम ने दुकान को बंद कराने के साथ ही कीटनाशक बिक्री पर प्रतिबंध लगाया है। वहीं अन्य दुकान संचालको को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। बता दें कि सोमवार को कलेक्टर आर एक्का के निर्देश पर उपसंचालक कृषि के मार्गदर्शन में कृषि विभाग राजपुर द्वारा खाद बीज एवं कीटनाशक विक्रेताओं के दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। टीम ने निरीक्षण के दौरान जय भैरव कृषि सेवा केंद्र, मारुति हार्डवेयर एवं कृषि सेवा केंद्र, उत्कृष्ट कृषि सेवा केंद्र राजपुर, आंचल केंद्र ग्राम सिंगचौरा, सीएससी बलरामपुर राजपुर छत्तीसगढ़ फॉर्म प्रोड्यूसर कंपनी ग्राम कुंदीकला को रिकॉर्ड संधारण सही तरीके से नही करने तथा दुकान के सामने मूल्य सूची प्रदर्शन बोर्ड नहीं लगाने के कारण नोटिस जारी कर तीन दिवस के भीतर की स्थिति में सुधार करते हुए जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही मुकेश कृषि सेवा केंद्र राजपुर को कीटनाशक बिक्री में नियमों के अवहेलना की बात सामने आई। दुकान के सामने रेट लिस्ट नहीं लगाया गया था जबकि रजिस्टर मिलान में भी भारी अनियमितता सामने आई। वहीं व्यवसायी का कीटनाशक बिक्री लाइसेंस दिसंबर माह में ही समाप्त हो गया था लेकिन 7 महीने तक बिना लाइसेंस रिन्यूअल कराए ही व्यवसाय किया जा था था। ऐसे में टीम ने कीटनाशक बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। निरीक्षण के दौरान निरीक्षक आशीष सिंह, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संजय यादव, सहायक प्रौद्योगिकी प्रबंधक राजीव चौबे उपस्थित थे।



## कार्मिक अधिकारी के परिजन ने जरूरतमंदों को दी आवश्यक सामग्री

**बिश्रामपुर।** आरजीके सहक्षेत्र कार्यालय में पदस्थ कार्मिक प्रबंधक वेद प्रकाश की बीते दिनों मौत हो जाने के बाद यहां पहुंचे परिजनों ने उनका स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया। इस दौरान क्षेत्रीय कोल अधिकारी व



कर्मचारी साथ थे।कार्मिक प्रबंधक की पत्नी व बच्चों ने उनके आवास में पड़े सामानों को स्थानीय जरूरतमंद लोगों को वितरण किया और यहां से अस्थि कलश लेकर बनारस के लिए रवाना हो गए।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736